

# हर संकट में किसानों के साथ खड़ी सरकार : मुख्यमंत्री

**किसानों के खातों में 277 करोड़ की राहत राशि ट्रांसफर**

**33 करोड़ की ब्यावरा जल प्रदाय योजना का भूमिपूजन**

**मुख्यमंत्री यादव ने करोड़ों की योजनाओं का किया भूमि पूजन**

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने जिले के प्राकृतिक आपदा से प्रभावित किसानों के खातों में 277 करोड़ की राहत राशि अंतरित की तथा 226.81 करोड़ रूपये की योजनाओं का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया, इनमें 33 करोड़ रूपये लागत की ब्यावरा नगर जल प्रदाय योजना का भूमिपूजन एवं 193 करोड रूपये लागत के 41 विकास कार्यो का भूमिपूजन एवं लोकार्पण शामिल है.

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 18 अक्टूबर, का. किसानों के हर संकट में प्रदेश एवं केन्द्र सरकार साथ खड़ी हैण् हमारी सरकारों ने किसानों एवं हर वर्ग के हितो की चिंता करते हुए सभी का सम्मान किया है.**

कांग्रेस शासनकाल में किसानों को होने वाली परेशानियां किसी से छुपी नहीं हैण् आज प्रदेश एवं केन्द्र सरकार किसानों के हर दु:ख- सुख में उनके साथ खड़ी हुई है. आज जब प्राकृतिक प्रकोप से किसानों की फसल को नुकसान हुआ है तो शासन ने दिल खोलकर फसल क्षति राहत राशि दी है. किसानों को कोई चिंता करने की जरुरत नहीं हैण् किसान सम्मान निधि के रूप में केंद्र और राज्य सरकार द्वारा 6.6 हजार रुपए की राशि देने का कार्य किसानों का सम्मान है.

उक्त बात प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने ब्यावरा में नवीन दशहरा मैदान पर आयोजित फसल क्षति राहत राशि के वितरण एवं विकास कार्यो का भूमिपूजन व लोकार्पण कार्यक्रम में कही. इस अवसर पर राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार, गौतम टेटवाल, सांसद रोडमल नागर, जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर, विधायक अमर सिंह यादव, हजारीलाल दांगी, मोहन शर्मा, जिला भाजपा अध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती लीलादेवी कुशवाह, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती राधाबाई गुर्जर सहित जन प्रतिनिधि, अधिकारी किसान, आमजन उपस्थित रहे.

## भाई और भतीजा हड़पना चाहते हैं 15 एकड़ जमीन

**बनखेड़ी।** ग्राम नयागांव में जमीन विवाद को लेकर एक वृद्ध व्यक्ति और उसके नाती को जान से मारने की धमकी मिलने का मामला सामने आया है। नयागांव निवासी 76 वर्षीय नन्हेलाल किरार ने स्थानीय थाने और पुलिस महानिरीक्षक नर्मदापुरम को लिखित शिकायत दी है। आवेदक नन्हेलाल किरार के कोई पुत्र नहीं है, और उनकी देखरेख के लिए बड़ी बेटी का बेटा विनय उर्फ दिव्यांश उनके साथ रहता है। नन्हेलाल के बड़े भाई विजयसिंह किरार और उनके बेटे खुमानसिंह को यह पसंद नहीं है, और वे नन्हेलाल की जमीन हड़पना चाहते हैं, जिसके कारण वे लगातार वाद-विवाद करते आ रहे हैं। करीब 10 दिन पहले विजयसिंह और खुमानसिंह को नयागांव में लोगों से यह कहते हुए सुना गया था कि हम नन्हेलाल व विनय का एक्सीडेंट करवाकर उन्हें जान से खत्म कर देंगे.

# धनतेरस पर बाजार में खरीदी करने उमड़े लोग

**लंबे समय बाद बाजार में अच्छी खासी चहल-पहल**

**पुलिस प्रशासन ने बड़े वाहनों की एंट्री पर लगाई रोक**

नवभारत न्यूज

**विदिशा 18 अक्टूबर, धनतेरस पर बाजार में जमकर खरीदारी हुई.जिसमें ऑटोमोबाइल, कपड़ा बाजार और सराफा बाजार में भी खरीदी के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे. लंबे समय बाद बाजार में अच्छी खासी चहल-पहल देखने को मिली.वहीं बाजार में पुलिस प्रशासन द्वारा दीपावली पर्व को लेकर बड़े-बड़े वाहनों की एंट्री पर रोक लगा दी गई है.इस दौरान लोग दो पहिया वाहन भी बाजार में बड़ी मुश्किल से निकाल पा रहे थे.बाजार की स्थिति ऐसी थी कि पैदल चलना भी मुश्किल हो रहा था और लोग धीरे-धीरे दुकानों पर पहुंचकर अपनी पसंद की सामग्री खरीदते हुए दिखाई दिए.**



इलेक्ट्रॉनिक बाजार, सराफा बाजार, कपड़ा बाजार और मिठाइयों की दुकानों पर अच्छी खासी चहल-पहल देखी गई.लोगों ने धनतेरस के अवसर पर अपने घरों पर पूजा अर्चना की और परिवार की सब समृद्धि की कामना की.धनतेरस के अवसर पर बाजार में मानो ऐसा लग रहा था जैसे पूरा शहर खरीदारी करने के लिए उमड़ पड़ा है.जैसे-जैसे शाम ढलती जा रही थी वैसे-वैसे ही बाजार में लोगों की भीड़ बढ़ती जा रही थी.

> रामलीला बेला परिसर में पटाखा बाजार लगाया गया है.इस दौरान लोग अपनी आवश्यकताओं के अनुसार रंग बिरंगी आतिशबाजी खरीदने के लिए पहुंचे.इसके साथ ही विधायक मुकेश टंडन पटाखा बाजार पहुंचे और सभी व्यापारियों सहित नगर के लोगों को धनतेरस और दीपावली पर्व की शुभकामनाएं दी.साथ ही उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था के इंतजामों को भी देखा.इस दौरान वह सभी व्यापारियों से मिले और उन्हें शुभकामनाएं दी.पटाखा व्यापारी रुपेश तिवारी ने बताया कि महंगाई के कारण पटाखों के दाम बढ़ते जा रहे हैं और लोग पहले यहां बड़ी मात्रा में पटाखे खरीदने आते थे, लेकिन अब वह काम पटाखे खरीद कर ही काम चला रहे हैं.



## लापता युवक को बंधक बनाने का आरोप

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। थाना देहात से अंतर्गत एक युवक बीते कई दिनों से लापता है। परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की मगर पता नहीं लग पाने के कारण परिजन देहात थाना पहुंचे जहां पीड़ित परिवार की शिकायत दर्ज नहीं की गई।**

इसके बाद परिजनों ने पुलिस अधीक्ष कार्यालय पहुंच कर समूचे घटनाक्रम का शिकायती आवेदन देते हुए अपने पुत्र को बंधक बनाए जाने की आशंका जाहिर की है।

शिकायती आवेदन में बताया गया कि विशाल 25 सितंबर की शाम घर से चला गया था। अगले दिन 26 सितंबर को उसने अपनी मां को फोन किया, लेकिन बात पूरी होने से पहले ही कॉल कट गया। इसके बाद से उसका मोबाइल नंबर बंद आ रहा है। विशाल के पिता ने बताया कि वह पत्नी के साथ मजदूरी के लिए दिल्ली गए थे। भाई से सूचना मिलने पर वे वापस लौटे और विशाल की तलाश की। 29 सितंबर को उन्होंने देहात थाने में शिकायत दर्ज कराने की कोशिश की।

# आत्मनिर्भर भारत के प्रति किया प्रेरित

नवभारत न्यूज

**बांदरी 18 अक्टूबर. युवा भाजपा नेता अविराज सिंह ने धनतेरस पर बांदरी पहुंचकर पैदल बाजार भ्रमण किया.**

उन्होंने कहा कि दीपावली अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक है, जिसमें स्वच्छता का बहुत महत्व है, उन्होंने स्वदेशी अपनाने का संदेश दिया. नगर परिषद की बैठक ली, विकास कार्यों का भी निरीक्षण किया. इमलियाखुर्द के राजा सिंह के निधन पर उनके निवास पर पहुंच कर श्री सिंह ने श्रद्धांजलि दी व पूर्व गृह मंत्री एवं विधायक भूपेंद्र सिंह की तरफ से एक लाख रूपये की सहायता राशि एवं मृतक की पत्नि अर्चना लोधी को बांदरी परिषद में नौकरी का नियुक्ति पत्र सौंपा. श्री सिंह ने जीएसटी सुधार को अद्भुत कदम बताते हुए स्वदेशी वस्तुओं की बिक्री को बाजार में प्रोत्साहित करने प्रधानमंत्री और भाजपा के निर्णय की सराहना की. श्री सिंह ने वोकल फॉर लोकल और आत्मनिर्भर भारत के प्रति लोगों को प्रेरित किया. श्री सिंह ने नगर परिषद की बैठक में विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी ली.




पार्षदों को संबोधित करते हुए अविराज सिंह ने कहा कि आज से दीपावली पर्व की शुरुआत हो गई, इस पर्व में स्वच्छता का बड़ा महत्व है. हमारी संस्कृति कहती है कि आस-पास के गांव, शहर, पार्कों सभी जगह स्वच्छता रखना है. बैठक में नपा अध्यक्ष विश्वनाथ सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष अनिल पाराशर, सीएमओ प्रभुशंकर खरे उपस्थित रहे. श्री सिंह ने ग्राम इमलियाखुर्द के कल्याण सिंह के पुत्र राजा सिंह के निधन पर उनके निवास पर पहुंचकर श्रद्धांजलि दी.



## सड़क दुर्घटना में मौत

**रहली.** सागर-रहली स्टेट हाईवे पर रहरी के वार्ड क्र चार स्थित एक स्कूल के पास सडक पर बने डिवाईडर पोल से पल्सर टू व्हीलर 125 एमपी 09 डी डव्लू 6882 टकराने पर बाईक सवार युवक मोनू गौंड निवासी तिंसी की घटना स्थल पर ही मौत हो गई. घटना स्थल पर मौजूद लोगों ने बताया कि टकराने की आवाज विस्फोट जैसी थी जिसे सुनकर लोग घबरा गए थे. स्थानीय लोगों ने तुरंत एंबूलेंस और थाना फोन किया तत्परता से अस्पताल पहुंचाया. डॉक्टर ने मृत घोषित किया.

# खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने खोवा के लिए सेंपल

नवभारत न्यूज

**इटारसी, 18 अक्टूबर कलेक्टर के निर्देशानुसार अनुविभागीय दंडाधिकारी इटारसी नीलेश कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने मिठाई खोवा एवं अन्य दुग्ध उत्पाद विक्रेताओं की जांच हेतु निरीक्षण किए गए।**



मिष्ठान केन्द्रों के निर्माण स्थल में निरीक्षण किया एवं ब्रेड, कुंद बर्फी, केसर बर्फी, कलाकंद एवं श्री भोग मिठाइयों के नमूने एकत्र किए। इसके अतिरिक्त चलित खाद्य प्रयोगशाला से 22 नमूनों की स्पॉट पर ही जांच की गई ।सभी व्यावसायियों को साफ सफाई के निर्देश दिए । संग्रहित नमूनों को जांच हेतु राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजा जाएगा। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर संबंधित विक्रेता के विरुद्ध न्यायालय कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी।

खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा मावे मिठाईयां आदि खाद्य पदार्थों के निर्माण परिवहन एवं भंडारण पर सतत् निगरानी रखी जा रही है।

कार्यवाही में तहसीलदार शक्ति सिंह तोमर, खाद्य सुरक्षा अधिकारी कमलेश एस. दियावार, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी जुबेर काजी एवं अन्य राजस्व अमला उपस्थित रहा।

# भाईदूज पर जिला जेल की अनूठी पहल

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर। भाई-बहन के पवित्र प्रेम का प्रतीक पर्व भाईदूज इस वर्ष जिला जेल अशोकनगर के बंदियों के लिए भावनात्मक संबल लेकर आएगा।**

जेल प्रशासन ने एक विशेष पहल करते हुए, बंदियों को अपने परिजनों से मिलने की अनुमति दी है। यह विशेष भेंट 23 अक्टूबर 2025 को आयोजित की जाएगी। जेल प्रशासन का कहना है कि इसका उद्देश्य बंदियों को पारिवारिक जुड़ाव और भावनात्मक सहारा प्रदान करना है।

जारी दिशा-निदेर्शों के अनुसार, मुलाकात के लिए नामांकन सुबह 9:30 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक होगा, जबकि मुलाकात दोपहर 2ः00 बजे तक जारी रहेगी। इस दौरान, प्रत्येक बंदी को तिलक और प्रसाद ग्रहण करने के लिए 10 मिनट का समय दिया जाएगा। जेल प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि इस अवसर पर केवल महिला परिजनों (अधिकतम तीन) को ही मुलाकात की अनुमति दी गई है। छह वर्ष तक के छोटे बच्चों को भी साथ लाया जा सकेगा।

## एक नजर में



### निगम आयुक्त ने सपरिवार खरीददारी की

**सागर.** नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने धनतेरस पर सपरिवार कटरा बाजार पहुंचकर व्यापरीयों से स्वदेशी दीपक, सजावट एवं पूजन सामग्री आदि उत्पाद खरीदे. निगमायुक्त श्री खत्री धर्मपत्नी एवं बच्चों सहित कटरा बाजार में दीपावली की खरीदी करने पहुँचे. उन्होंने कटरा में फुटपाथ पर दुकान लगाये स्थानीय महिला से मिट्टी के हस्तनिर्मित दीपक, माला आदि खरीदे. बच्चों ने सुंदर रंगों से सजे मिट्टी के गुल्लक खरीदे. निगमायुक्त ने विभिन्न दुकानों पर पहुंचकर विक्रेताओं से संवाद भी किया और स्वदेशी वस्तुओं की बिक्री करने हेतु उन्हें प्रोत्साहित भी किया ताकि अधिक से अधिक देशवासी स्वदेशी वस्तुओं को खरीदकर देश को आर्थिक मजबूती प्रदान करने में सहयोगी बन सकें. श्री खत्री ने कहा कि प्रदेश में पहली बार हर जिले में स्वदेशी मेलों का आयोजन किया जा रहा है. ऐसे में कटरा बाजार किसी मेले से कम नहीं है त्योहारों के दौरान तो नजारा अद्भुत होता है.



### स्वादिष्ट व पोषक व्यंजनों की लगाई प्रदर्शनी

**सीहोर.** सेक्टर सीहोर ग्रामीण के ग्राम पंचायत महोडिया में पोषण माह अंतर्गत सेक्टर स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में ग्राम सरपंच इंदर बाई धनगर,प्राचार्य बबीता शर्मा, शिक्षिका वंदना यादव, सीमा राठौर एवं सेक्टर पर्यवेक्षक कार्यकर्ताएं, जनप्रतिनिधि, महिलाएं, गर्भवती, धात्री माताएं, किशोरी बालिकाएं आदि उपस्थित रहे.सेक्टर की समस्त कार्यकर्ताओं द्वारा विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व पोष्टिक व्यंजनों को स्वयं द्वारा तैयार कर पोषण आहार प्रदर्शनी की गई. कार्यकर्ता नीता वर्मा, प्रियंका सेन, शोभा सोनी, संजू कटारिया, प्रिती परमार द्वारा प्रोटीन, विटामिन, वसा, कार्बोहाइड्रेट, आयरन, केल्शियम के स्त्रोतों के बारे में जानकारी दी. शारदा दंगोलिया द्वारा सफलता की कहानी मां की बगिया तैयार की गई व उसके बारे में बताया गया. कार्यकर्ता प्रभा शुक्ला द्वारा पोषण माह अंतर्गत गीत गाया गया. अंत में लतेश जोशी, नीलम मेवाड़ा द्वारा आभार व्यक्त किया गया.

### शिक्षक काली दीपावली मनाने की कर रहे तैयारी

**टीकमगढ़।** जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा डीए एरियर्स और लंबित स्वत्वों के तत्काल भुगतान के निर्देश जारी किए जाने के बावजूद अधिकांश शिक्षकों को अब तक भुगतान नहीं मिल सका है। इससे नाराज शिक्षक अब काली दीपावली मनाने की तैयारी में हैं। जिला शिक्षा अधिकारी ने 14 अक्टूबर को आदेश जारी कर कहा था कि दीपावली पर्व को दृष्टिगत रखते हुए जिले के समस्त शिक्षकों और अतिथि शिक्षकों को तीन दिन के भीतर डीए एरियर और मानदेय का भुगतान किया जाए, साथ ही प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत किया जाए कि किसी भी कर्मचारी का भुगतान लंबित नहीं है लेकिन आदेश जारी होने के बाद भी विकासखंड शिक्षा अधिकारी और अधीनस्थ संकुल प्राचार्य उदासीन बने हुए हैं। शिक्षकों का कहना है कि अधिकारियों की लापरवाही के चलते उन्हें हर बार भटकना पड़ता है। शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि जब शिक्षकों से संबंधित कार्रवाई करनी होती है तो अधिकारी तत्परता दिखाते हैं लेकिन जब वेतन, एरियर्स या मानदेय भुगतान की बात आती है तो फाइलें महीनों तक दबी रहती हैं।

## 11 थानों की पुलिस की बड़ी कार्रवाई

### ब्राउन शुगर, गांजा, हथियार व नगदी बरामद

नवभारत न्यूज

**विदिशा 18 अक्टूबर, नशे के खिलाफ विदिशा पुलिस ने ऑपरेशन ध्वस्त की शुरूआत की है जिसके तहत जिले के 11 थानों की पुलिस ने बड़ी कार्यवाही की है इस दौरान सिविल लाइन क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में दबिश देकर मादक पदार्थों समेत शराब एवं हथियारों के एक बड़े नेटवर्क को ध्वस्त किया.**

इस कार्यवाही के दौरान कार्रवाई में कुल 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया जिनसे 13 ग्राम ब्राउन शुगर, 6 किलो गांजा, 10 लीटर अवैध शराब एवं देशी प्लेन मदिरा के 941 क्वार्टर, 1 पिस्टल, 2 जिंदा कारतूस एवं 1 तलवार, 14 लाख 23 हजार नगदी समेत कुल का मशरूका 18 लाख का मशरूका बरामद किया है.पुलिस ने कार्यवाही के दौरान आरोपी कुंदन पिता मंगल सिंह कुचबंदिया, चांदनी पति संजय कुचबंदिया, प्रकाश पिता रमेश कुचबंदिया, जिन पर पहले से भी कई मामले दर्ज हैं अधिकांश आरोपी आपराधिक प्रवति के हैं.

# राह चलती युवती से बदमाशों ने छीना मोबाइल

## पुलिस की कार्यप्रणाली ने इस मामले को फिर सुर्खियों में ला दिया

**गुना। शहर में एक बार फिर राह चलती युवती के साथ दिनदहाड़े छीना-झपटी की वारदात सामने आई है, लेकिन पुलिस की कार्यप्रणाली ने इस मामले को फिर सुर्खियों में ला दिया है।**

अज्ञात बदमाशों द्वारा मोबाइल छीनने की शिकायत करने पहुंची युवती की रिपोर्ट पुलिस ने 'मोबाइल गुम हो जाने' के रूप में दर्ज की है। इससे नागरिकों में यह सवाल उठ रहा है कि आखिर इस तरह की घटनाओं पर रोक कैसे लगेगी, जब शिकायतें ही सही रूप में दर्ज नहीं हो रही हैं।



जानकारी के अनुसार विकास नगर निवासी प्रिया दर्शनी पुत्री जगदीश साहू बीते दिन दोपहर करीब 2:15 बजे मारुति शोरूम के पास स्थित माहेश्वरी कलेक्शन के पास से गुजर रही थी। तभी दो अज्ञात युवक बाइक पर सवार होकर आए और उसके हाथ से ओप्पो कंपनी का मोबाइल छीनकर भाग निकले।

> रामलीला बेला परिसर में पटाखा बाजार लगाया गया है.इस दौरान लोग अपनी आवश्यकताओं के अनुसार रंग बिरंगी आतिशबाजी खरीदने के लिए पहुंचे.इसके साथ ही विधायक मुकेश टंडन पटाखा बाजार पहुंचे और सभी व्यापारियों सहित नगर के लोगों को धनतेरस और दीपावली पर्व की शुभकामनाएं दी.साथ ही उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था के इंतजामों को भी देखा.इस दौरान वह सभी व्यापारियों से मिले और उन्हें शुभकामनाएं दी.

## पटाखा एवं ठेले व्यापारियों की राशि वापस की जावे : डॉ. दोगने

**हरदा** विधायक डॉ. रामकिशोर दोगने द्वारा हरदा कलेक्टर एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरदा को पत्र प्रेषित कर फटाखा व्यापारियों द्वारा फटाखा दुकान हेतु जमा की गई राशि व घंटाघर क्षेत्र में ठेले पर व्यवसाय करने वाले लोगों से वसूल की गई राशि वापस किए जाने की मांग की गई। हरदा विधायक डॉ. दोगने द्वारा प्रेषित किए गए पत्र में लेख किया गया है कि हरदा जिले में हो रही बारिश के कारण फटाखा व्यापारियों का बड़ा नुकसान हो गया है। बारिश के पानी में फटाखा व्यापारियों द्वारा खरीदा गया माल गीला होकर खराब हो गया है और फटाखा व्यवसाय भी पूरी तरह से बंद हो गया है। जिसके कारण फटाखा व्यापारियों के सामने बड़ा आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है

**सौजन्य भेंट** — **नगरपालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने बिलकीसगंज में सीएम डॉ. मोहन यादव से की भेंट**

# नर्मदा जल से बुझेगी शहर की प्यास, शीघ्र पूरा होगा परियोजना कार्य

नवभारत न्यूज

**सीहोर 18 अक्टूबर. नर्मदा का जल सीहोर आने की राह आसान करने के लिए नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने शनिवार को ग्राम बिलकिसगंज में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से भेंट की. इस मौके पर नर्मदा जल को शहर के विभिन्न वार्डों में जल सप्लाई करने के विषय में चर्चा की गई.**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हमारे विधायक सुदेश राय की पहल के बाद सीहोर नगर को भी इस योजना में जोड़ा जा चुका है. इस परियोजना में शासन 6493 करोड़ रुपए खर्च कर रहा है. परियोजना पूरी होने से सालों से जलसंकट का दंश झेल रहे शहरवासियों को काफी हद तक राहत मिलेगी. नपाध्यक्ष श्री राठौर द्वारा शनिवार को सीएम डॉ. यादव से नर्मदा-पार्वती लिंक परियोजना पर तेजी से कार्य करने पर चर्चा की गई. इस दौरान नपाध्यक्ष श्री राठौर ने सीएम को बताया कि हजारों करोड़ों की इस योजना से हर वार्ड के लोगों को नर्मदा का जल की आपूर्ति की जाएगी. उन्होंने बताया कि नपा द्वारा आधा दर्जन से अधिक पानी की टंकियां का निर्माण कार्य तेजी से किया जा रहा है. नर्मदा का पानी भगवानपुरा डेम से इन पानी की टंकियों के माध्यम से क्षेत्रवासियों को वितरण किया जाएगा. जिससे पानी की समस्या का समाधान हो जाएगा.



करीब 32 करोड़ की अमृत योजना 2.0 से शहरवासियों को आगामी दिनों में नियमित रूप से पेयजल की सप्लाई हो सकेगी. अध्यक्ष श्री राठौर द्वारा 16 लाख लीटर क्षमता वाली पेयजल टंकी के निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया है. आधा दर्जन टंकियों का निर्माण के साथ जर्जर पाइप लाइन से भी मुक्ति का क्रम जारी है. शहर में पेयजल समस्या के निवारण को लेकर अमृत योजना मिशन 2.0 का भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया. नई पाइप लाइन बिछाने के बाद 25 साल तक शहर की पानी की जरूरत को आसानी से पूरा किया जा सकेगा और जर्जर पाइप लाइन से मुक्ति मिलेगी.

> नपाध्यक्ष राठौर ने कहा कि शहर की पेयजल समस्या के समाधान अमृत 2.0 के आने से हो रहा है. क्षेत्रवासियों को प्रतिदिन पानी सप्लाई का इंतजाम किया जाएगा. सालों से शहर के वार्डों में डाली गई पाइप लाइनों से पानी की सप्लाई हो रही है, जिसमें कई पाइप जर्जर होने से गंदा पानी आने की भी समस्या बनी रहती है. अमृत 2.0 योजना अंतर्गत करोड़ों की लागत से शहर में सैकड़ों किमी में पेयजल लाइनों का विस्तार किया जाएगा.